गौ-संवर्धन और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए ऐतिहासिक कदम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 मई. गौ-सेवा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने में जुटी संस्था 'गौ विश्व विद्यापीठ' अहमदाबाद के स्थापना दिवस समारोह में

ग्वालियर की श्रीकृष्णायन गौशाला और अहमदाबाद जी.वी.वी. पीठ के बीच एमओयू

ग्वालियर की आदर्श गौशाला एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभरकर सामने आई है। इस गरिमामय अवसर पर श्रीकृष्णायन आदर्श गौशाला, ग्वालियर एवं जी.वी.वी. पीठ, अहमदाबाद के बीच एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान ज्ञान, प्रशिक्षण, गौसंवर्धन, जैविक कृषि एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के आदान-प्रदान के लिए मिलकर काम करेंगे। गुजरात के गांधीनगर स्थित कडी सर्व विश्वविद्यालय के एल.डी.आर.पी. कैंपस में

आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में श्रीकृष्णायन आदर्श गौशाला, ग्वालियर के संत स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज विशेष आमंत्रण पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। स्थापना दिवस समारोह में राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक जगत की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुजरात सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री कांतिलालभाई अमृतिया, पूर्व शिक्षा मंत्री भूपेंद्रसिंह चूडासमा, और आरएसएस गुजरात प्रदेश समिति के सदस्य घनश्यामभाई व्यास सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, गौसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष मिनेश पटेल एवं उनकी टीम ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

गौशाला केवल संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि जैविक ऊर्जा का सशक्त मॉडल: स्वामी ऋषभ-कार्यक्रम में अपने मुख्य उद्बोधन के बाद, अहमदाबाद से ग्वालियर लौटने पर स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की विस्तृत जानकारी साझा की। स्वामी ने बताया कि समारोह के दौरान गौ-आधारित सतत विकास के 21 सूत्रीय मॉडल पर विशेषज्ञों के बीच गहन चर्चा हुई। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा: 'गौ-संस्कृति के माध्यम से ही ग्राम स्वावलंबन, प्रकृति संरक्षण एवं सामाजिक परिवर्तन संभव है। आज के युग में गौशाला केवल गौ संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि जैविक ऊर्जा, अक्षय ऊर्जा एवं सकारात्मक जीवनशैली का एक सशक्त मॉडल बन सकती है।

संयुक्त रोडमैप पर होगा काम

इस एमओयू के बाद अब दोनों प्रतिष्ठित संस्थान मिलकर गौ-आधारित कृषि, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक संदर्भों में आगे बढ़ाने के लिए एक संयुक्त रोडमैप तैयार करेंगे, जिससे आने वाले समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी। यह पूरा कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना, सेवा भाव और सतत विकास के मजबूत संकल्पों के साथ संपन्न हुआ।

श्रीकृष्णायन के समन्वयन से बाल संस्कार के लिए चिल्ड्रन्स रिसर्च यूनिवर्सिटी से मिलेगा सहयोग'

स्वामी ऋषभ देवानंद ने बताया कि इस यात्रा के दौरान गांधीनगर स्थित चिल्ड्रन्स रिसर्च यूनिवर्सिटी गुजरात भी जाना हुआ जहां बच्चों के समग्र विकास, संस्कार शिक्षा एवं प्रकृति आधारित जीवन मूल्यों को लेकर कार्य किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जोशी ने आदर्श गौशाला के विभिन्न सेवा, संस्कार एवं प्रकृति आधारित प्रकल्पों का विश्वविद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षाविदों एवं सदस्यों के साथ साझा किया तथा गौशाला को एक श्रेष्ठ 'संस्कार शाला' के रूप में विकसित प्रेरक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को ऐसे भविष्य के लिए तैयार करना आवश्यक है, जहाँ आध्यात्मिक चेतना, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रकृति के प्रति प्रेम का संतुलित विकास हो। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न बाल विकास एवं संस्कार आधारित प्रकल्पों का भी अवलोकन कराया गया। बैठक के दौरान गर्भाधान संस्कार, बाल संस्कार, भारतीय संस्कृति एवं विज्ञान आधारित शिक्षा प्रणाली पर विशेष चर्चा हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जोशी जी ने ग्वालियर में श्रीकृष्णायन के समन्वयन से 'संस्कार एवं प्रकृति आधारित बाल विकास प्रकल्प' में सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर यह विचार विशेष रूप से सामने आया कि माता-पिता का आदर्श आचरण ही श्रेष्ठ संतानों के जन्म एवं उनके उज्ज्वल संस्कारों का आधार है, और संस्कारित एवं जागरूक बच्चों से ही राष्ट्र के सशक्त एवं समृद्ध भविष्य का निर्माण संभव है।

शहर के संभव ने खंडवा में जीता मिस्टर स्पीचक्राफ्ट का खिताब

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 मई. जेसीआई ग्लोबल के सचिव संभव जैन को मिस्टर स्पीचक्राफ्ट अवार्ड ने नवाजा गया है। उनको यह अवार्ड आइडल पब्लिक स्पीकिंग के लिए मिला है। संभव ने बताया कि स्पीचक्राफ्ट जेसीआई इंडिया की ट्रेनिंग है, यहाँ लोगो को बोलने की कला और तरीके सिखाए जाते है, उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह ट्रेनिंग नागपुर से आई पायलट फैकल्टी द्वारा योगिता जायसवाल, ग्वालियर से जेसी अमृता शर्मा और अभिषेक त्रिपाठी द्वारा दी गई। तीन दिन तक चली इस ट्रेनिंग में देश के विभिन्न जगह से लोग आते है। इस अवसर पर अभय जैन, मयूर कुशवाह, मनन सोनी, अनुज, बालेंदु, प्रतीक आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसी अनु मित्तल ने की।

CHANGE OF NAME

I Army No. 5010608X RFN/GD Name- Than Singh S/o. Late Shri Gabbar Singh R/o- Vill. Vikrampur, Post-Bhadroli, Dist. Gwalior (M.P.) have changed my **mother name from DEVAKI to DEBKI** & have Changed my **Daughter name from MANSHI LODHI to MANSHI.** which is true in Aadhar Card & other Document.vide Affidavit dated 14.05.2026 before District Court, Gwalior

एकल विद्यालय के छात्रों के लिए 'नगर यात्रा' का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 मई. एफ.टी.एस. युवा द्वारा समय समय पर देश के सभी वर्गों के युवाओं को जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। इसी कड़ी में फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसायटी युवा (एफ.टी.एस. युवा) की ग्वालियर चैप्टर द्वारा कक्षा की चारदीवारी

शिक्षा,अनुभव और प्रेरणा का अनूठा संगम

से बाहर निकालकर व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से बनवार, टोडा और झनकरी गांवों के एकल विद्यालय के 56 छात्रों के लिए एक विशेष 'नगर यात्रा' का आयोजन किया गया। ग्वालियर के प्रमुख ज्ञानवर्धक स्थानों पर आधारित इस यात्रा ने छात्रों को शिक्षा और नए अनुभवों का एक शानदार अवसर प्रदान किया।

अस्पताल प्रबंधन और संवेदनशीलता का पाठ- यात्रा के दौरान छात्र सबसे पहले ग्वालियर के कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट पहुंचे। यहाँ उन्हें सीपीआर का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को करीब से देखा और सीटी स्कैन तथा एमआरआई जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा मशीनों के काम करने के तरीके को समझा। इस दौरान सबसे भावुक पल वह था जब इन छात्रों ने कैंसर से पीड़ित बच्चों और इस गंभीर बीमारी को मात दे चुके सर्वाइवर्स से मुलाकात की। इस संवाद ने छात्रों के भीतर गहरी भावनात्मक और सामाजिक संवेदनशीलता विकसित की।

इसके बाद, छात्रों का दल जियो म्यूजियम पहुँचा। यहाँ उन्होंने प्रकृति, डायनासोर जैसी विलुप्त प्रजातियों, ज्वालामुखी, मिट्टी, खनिजों और जल चक्र से जुड़ी रोचक जानकारियाँ प्राप्त कीं, जिससे उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा को नई उड़ान मिली। इसके बाद डिजिटल म्यूजियम के भ्रमण के दौरान छात्रों ने ग्वालियर के समृद्ध इतिहास को जाना और सौर मंडल पर आधारित एक शानदार 3 डी प्रेजेंटेशन का आनंद लिया, जिसने उनके सीखने के अनुभव को बेहद रोमांचक बना दिया।

4 कॉलेजों की संबद्धता अमान्य, 10 होल्ड पर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 मई. जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध सामान्य एवं मैनेजमेंट पाठ्यक्रम संचालित करने वाले 191 महाविद्यालयों की संबद्धता पर विचार-विमर्श करने के लिए स्थायी समिति बैठक मंगलवार को दोपहर आयोजित की गई। बैठक में जिन महाविद्यालयों में वेतन नकद देने के साथ ही कुछ अन्य कमियां पाई गई थीं, उनकी संबद्धता को होल्ड पर रखा गया है, वहीं जिन महाविद्यालयों की निरीक्षण समिति ने ही संबद्धता देने की अनुशंसा नहीं की थी, उन्हें अमान्य कर दिया गया है। अब स्थायी समिति की बैठक के मिनिट्स को कार्यपरिषद की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद ही संबद्धता पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

नगद वेतन देने पर इनकी संबद्धता होल्ड- जिन महाविद्यालयों में शिक्षक और कर्मचारियों का वेतन नगद नहीं दिया जा रहा था, ऐसे महाविद्यालयों की संबद्धता को होल्ड पर रखा गया है। इनमें उमा डिग्री कॉलेज मुरैना, जीएलएस कॉलेज मुरैना, एसडीएमजे कॉलेज मुरैना, मां शांतिदेवी कॉलेज मुरैना, मां शांतिदेवी कॉलेज सबलगढ़, इंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज मुरैना, जय मां कैलादेवी महाविद्यालय मुरैना, स्वामी रामकृष्णा परमहंस महाविद्यालय मुरैना, श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट मुरैना, सर्वानी कॉलेज, मुरैना, आरएबी महाविद्यालय अकबरपुर ग्वालियर शामिल हैं।

निरीक्षण समितियों अनुशंसा नहीं, उन्हें नहीं मिली संबद्धता- निरीक्षण समितियों ने जिन महाविद्यालयों ने अनुशंसा नहीं की थी, उन महाविद्यालयों को भी संबद्धता नहीं दी गई है। इनमें सीपीएस महाविद्यालय बड़ागांव, आरडीएस विद्याश्रम ग्रुप ऑफ कॉलेज, मुरैना, जयमाता दी कॉलेज मुरैना, इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड मैनेजमेंट, कैलारस में कमियों की वजह से निरीक्षण समितियों ने संबद्धता दिए जाने की अनुशंसा नहीं की थी, इसलिए समितियों की अनुशंसा को मान्य करते हुए इन्हें भी संबद्धता नहीं दी गई है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सामंत सिंह पुत्र श्री हीरा सिंह, आयु-45 वर्ष निवासी- ग्राम कोक सिंह का पुरा नुन्हाटा जिला भिण्ड (म.प्र.) सूचित करता हूं कि- मुझ शपथकर्ता की पुत्री के **जन्म प्रमाण पत्र** व **मार्कशीट** में नाम **यामिनी परमार (YAMINI PARMAR)** दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। लेकिन मुझ शपथकर्ता की पुत्री के आधार कार्ड में नाम **संध्या सामान्त सिंह परमार (SANDHYA SAMANT SINGH PARMAR)** त्रुटिवश दर्ज है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड में **संध्या सामान्त सिंह परमार (SANDHYA SAMANT SINGH PARMAR)** के स्थान पर **यामिनी परमार (YAMINI PARMAR)** दर्ज किया जावे। जो कि सत्य व सही है। सत्यापित एफिडेविट क्र. DM 861311

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **अल्पा पत्नी श्री प्रताप सिंह, जन्म दि. 02/07/1989** निवासी- 165 गोविन्दपुर ग्राम भदरौली ग्वालियर (म.प्र.) सूचित करती हूं कि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में मेरा नाम **अल्का (Alka) पत्नी श्री प्रताप सिंह** त्रुटिवश दर्ज है। मुझ शपथकर्ता के पिताजी के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम **अल्पा (ALPA)** दर्ज है। अतः मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में मेरा नाम **अल्का (ALKA)** के स्थान पर **अल्पा (ALPA)** दर्ज किया जावे। सत्यापित एफीडेविट क्र. DM 563551

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्र. 09 वार्ड क्रमांक 27 भवन क्र. 1245 स्थानः सदर बाजार पर स्थित है जो विक्रेता आकाश पुत्र राजकुमार, रामबाबू, श्यामबाबू, लीला पत्नी हीरालाल, मीरा पत्नी आंनद, नेहा पत्नी गुलाबचन्द शर्मा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक 1000312491 का भाग पर दर्ज/नहीं है। जिसका क्षेत्रफल 660 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक और आर-10082501167413 दिनांक 13.08.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र तहसील टप्पा मुरार क्षे.क्र. 09 पर दिनांक- 19.05.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य 66/210/76331/76425 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 19.05.2026

आवेदक नाम- मनोज, मनीष गोयल पुत्र स्व. राधेश्याम गोयल

पता- सदर बाजार, मुरार वार्ड-27

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला ग्वालियर (म.प्र.)

ओहदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर पिन-474006

Tel phone 0751-2446200 (Office) 0751-2373301 (Fax)

E-mail admrgwa@mp.nic.in

क्रमांकः ए.डी.एम./वि.अधि./आशयित विवाह(48) 2026

ग्वालियर दिनांक 08 अप्रैल 2026

// विज्ञप्ति //

आवेदकगण सलमान खान पुत्र कल्लू खान उम्र 30 वर्ष निवासी रामदास घाटी शिवनगर झाडू वाला मौहल्ला गिर्द ग्वालियर म.प्र. एवं खुशबु खान पुत्री गुड्डू खान उम्र 25 वर्ष निवासी हनुमान बांध सिकन्दर कम्पू लश्कर ग्वालियर म.प्र. द्वारा दिनांक 31.03.2026 को साक्षीगणों की उपस्थिति में विशेष विवाह अधिनियम 1954 आवेदन पत्र अधिनियम की धारा 11 के तहत घोषणा करते हुये आशयित विवाह हेतु धारा 5 के अन्तर्गत सूचना देकर तीन कलेण्डर मास के भीतर, अधिनियम के अधीन अनुष्ठापित होना आशयित दर्शाया गया है। अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन में वर एवं वधू द्वारा यह घोषणा की गई है कि आवेदकगण आवेदित दिनांक को अविवाहित है। वर द्वारा 21 वर्ष तथा वधू द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली गई है। उनकी आपस में कोई प्रतिषिद्ध नातेदारी नहीं है। यह भी घोषणा की गयी है कि दोनों पक्षकारों में से कोई भी पक्षकार चित्त-विकृति के परिणामस्वरूप विधिमान्य सम्मति देने में असमर्थ नहीं है।

2/ यदि किसी भी व्यक्ति को इस विवाह के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति या शिकायत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी, ग्वालियर, 474006, मध्यप्रदेश, के कार्यालय के कक्ष क्रमांक 203 में दर्ज करा सकते हैं। नियत तिथि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत / आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी, जिला ग्वालियर (म.प्र.)

मरीजों को मिलेगी नई सुविधा : अत्याधुनिक एक्स-रे डीआर सिस्टम का उद्‌घाटन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 मई. जयारोग्य चिकित्सालय के 1000 बिस्तर अस्पताल स्थित रेडियोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक एक्स-रे डीआर सिस्टम का उद्घाटन किया गया। यह नवीन एवं आधुनिक तकनीक से युक्त मशीन अस्पताल में आने वाले ग्वालियर-चंबल अंचल सहित आठ संभागों के मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

इस नई डीआर सिस्टम मशीन के शुरू होने से अब मरीजों को एक्स-रे जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा तथा जांच की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक तेज एवं सुविधाजनक हो सकेगी। इससे मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

जयारोग्य चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा एवं बेहतर उपचार व्यवस्था के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं, जिससे प्रतिदिन आने वाले हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा।

जयारोग्य अधीक्षक ने विभाग अध्यक्ष पंकज यादव को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित रूप से इस व्यवस्था से मरीजों को लाभ मिलेगा।अत्याधुनिक एक्स-रे डीआर सिस्टम का उद्घाटन अधिष्ठाता डॉ. आर.के.एस. धाकड़, जयारोग्य अधीक्षक डॉ. सुधीर सक्सैना, विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज यादव एवं रेडियोलॉजी विभाग के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने कहा कि नई तकनीक के माध्यम से मरीजों को शीघ्र, सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा उपलब्ध कराना अस्पताल की प्राथमिकता है।

आम सूचना

श्रीमती कमला पत्नी श्री प्रीतम सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम पमाया,तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पंचायत बामौर वार्ड क्र.01 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.360/2 ग्राम बामौर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1125 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में रास्ता, पश्चिममें-भूखण्ड जाटव, उत्तर में भूखण्ड लक्ष्मी एवं दक्षिण में-भूखण्ड अरूण प्रताप है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में काशीराम (नाबालिग), बीमा (नाबालिग), छोटे (नाबालिग पुत्रगण श्री बुद्धा सरपरस्त माँ श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री बुद्धा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री बीमा का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री भारत सिंह पुत्र श्री भीमसेन उर्फ भीमा, श्रीमती रामबेटी पत्नी श्री भीमसेन उर्फ भीमा उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती रामबेटी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती कमला पत्नी श्री प्रीतम सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792018ए 1840282 दिनांक 31.12.2018 से विक्रय की गई। श्रीमती कमला द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी श्री सुनील पाल के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती लक्ष्मी बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार सितारा हाउसिंग फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री बीमा के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक

नीरज जैन, एडवोकेट

कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 50, भवन क्रं. 3395, स्थानः शॉप न. 18 कृष्णा मॉल कम्पू रोड पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती संगीता दुसेजा / श्री रिवयलदास दुसेजा, दर्पण दुसेजा / श्री रिवयलदास दुसेजा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1002995901 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 159 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. ... दिनांक ... के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाड़ा क्षे.क्रं. 19 पर दिनांक 19.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 82/2011/25455/25540/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

श्रीमती जानकी कांजवानी / स्व. श्री प्रदीप कांजवानी

पताः शॉप न. 18 कृष्णा मॉल कम्पू रोड, वार्ड-50

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 19-05-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 06 वार्ड क्रं. 31, भवन क्रं. 2652, स्थानः साई कृपा अपार्टमेन्ट राजेन्द्र प्रसाद कॉलोनी पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती दीपक तिवारी / उमेश कुमार तिवारी, उमेश / शिवशंकर लाल, उमा तिवारी / उमेश के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000190792 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 160 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A100478058 दिनांक 22.04.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पड़ाव क्षे. क्रं. 06 पर दिनांक 18.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 63/2010/ 49004/48953/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

मनीषा द्विवेदी / श्री अनुपम द्विवेदी

पताः साईं कृपा अपार्टमेन्ट राजेन्द्र प्रसाद कॉलोनी, वार्ड-31

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 19-05-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 06 वार्ड क्रं. 31, भवन क्रं. 1212 का भाग, स्थानः प्लॉट-बी 32 का भाग, अशोक विहार पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नारायण दास मगरैया / घासीराम मगरैया के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000304336 भाग पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 190 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A100040834 दिनांक 12.01.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पड़ाव क्षे.क्रं. 06 पर दिनांक 19.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 63/2010/ 49008/48957/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

अनीश मिश्रा / श्री रामभरत मिश्रा रक्षित भारद्वाज / श्री सुनील कुमार

पताः प्लॉट-बी 32 का भाग, अशोक विहार, वार्ड-31

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 19-05-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 24 वार्ड क्रं. 65, भवन क्रं. ..., स्थानः अजयपुर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती संजय, रामकिशोर, कपिल / श्री गुलाब सिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000215864 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. MP14260 2025A1047488 दिनांक 22.01.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्रं. 24 पर दिनांक 19.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं.... प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

श्रीमती राधा कुशवाह / श्री कमल कुशवाह

पताः अजयपुर, वार्ड-65, मो. 9926864739

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 19-05-2026

फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम में हुआ व्याख्यान

ग्वालियर। माधव विधि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर, ग्वालियर तथा महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय के मध्य फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत 'व्यावसायिक नैतिकता : ईमानदारी, उत्तरदायित्व एवं कार्यस्थल मूल्यों का संरक्षण' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. नीति पाण्डेय, प्राचार्य, माधव विधि महाविद्यालय ग्वालियर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कु. सोनाली दुबे, सहायक प्राध्यापक, माधव विधि महाविद्यालय उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में व्यावसायिक नैतिकता के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि ईमानदारी, उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों एवं कार्य के प्रति समर्पण की भावना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन एवं कार्यक्षेत्र में नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने विषय पर विचार-विमर्श किया।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 12 वार्ड क्रं 45,स्थान तेजनाथ की गली ग्वा0 में स्थित है जो कि श्यामलाल अग्रवाल/ फूलचन्द अग्रवाल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000327176 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 481.4 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र /मृत्युउपरान्त/ उत्तराधिकार द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रोशनीघर क्षे.क्र 12, पर दिनांक 18.05.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 69/2010/67497/67622 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

शीला अग्रवाल,मधुबाला,मन्जू,माला,आरती, दीपक/स्व. श्री श्यामलाल अग्रवाल

पता-तेजनाथ की गली ग्वा0(म.प्र.), मो0-8319426629

विज्ञप्ति जारी दिनांक-19.05.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 12 वार्ड क्रं 45,स्थान 104 एंव 105,एम.के प्लाजा राजपायगा रोड ग्वा0 में स्थित है जो कि डॉ सुधांशु कुशवाह/डॉ यू.पी.एस कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000237870 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 458.40 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र R-15012600076155 दिनांक 15.01.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रोशनीघर क्षे.क्र 12, पर दिनांक 04.05.2026 को किया गया है। जिसका ऑनलाईन आवेदन कार्य क्रं PT61501 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

ज्योति श्रीवास्तव/आशीष श्रीवास्तव

पता-गंगा बिहार,महलगांव ग्वा0(म.प्र.), मो0-8120138110

विज्ञप्ति जारी दिनांक-19.05.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 24 वार्ड क्रं 65,स्थान गिरवाई ग्वा0 में स्थित है जो कि वर्षा अग्रवाल/विजय अग्रवाल, अनिल शिवहरे/हरिनारायण के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000233819 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 822वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-27022600346190 दिनांक 27.02.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्र 24, पर दिनांक 19.05.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

ललिता प्रजापति/भावेश प्रजापति

पता-गिरवाई ग्वा0(म.प्र.)

विज्ञप्ति जारी दिनांक-19.05.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 11 वार्ड क्रं 30,स्थान गोपाल कुंज शीतला कॉलोनी ग्वा0 में स्थित है जो कि पुनीत कुमार गुप्ता/अरूण कुमार गुप्ता,मनीषा गुप्ता/पुनीत गुप्ता के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000120701 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-23102501534357 दिनांक 23.10.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र चंबल कॉलोनी क्षे.क्र 11, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

श्रीमती रजनी गुप्ता/संजीव कुमार गुप्ता

पता-फ्लैट क्रं 101, गोपाल कुंज शीलता कॉलोनी ग्वा0(म.प्र.),मो0-9755082460

विज्ञप्ति जारी दिनांक-19.05.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 11 वार्ड क्रं 30,स्थान विनायक अर्पामेंट,सिटी सेंटर ग्वा0 में स्थित है जो कि राहुल/एस.व्ही.एस गहलौत,शैलेन्द्र वीरसिंघ गहलौत/नवनिधि सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000188657 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-07042600608709 दिनांक 08.04.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र चंबल कॉलोनी क्षे.क्र 11, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

पिंकी सेंगर/भानु प्रताप सिंह सेंगर

पता-विनायक अपार्टमेंट, सिटी सेंटर ग्वा0(म.प्र.)

विज्ञप्ति जारी दिनांक-19.05.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 11 वार्ड क्रं 28,स्थान 1154, इन्द्रा नगर ग्वा0 में स्थित है जो कि सावित्री देवी/राज बहादुर सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000254178 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र /मृत्युउपरान्त/ उत्तराधिकार/ वसीयत द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र चंबल कॉलोनी क्षे.क्र 11, पर दिनांक 19.05.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 26-010100008179 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

भूपेन्द्र सिंह/राजबहादुर

पता-इन्द्रा नगर ग्वा0(म.प्र.)

विज्ञप्ति जारी दिनांक-19.05.2026